# आकाशवाणी शिमला

## 13.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में भूस्खलन की बढ़ती आवृत्ति से निपटने के लिए राज्य सरकार बायो इंजीनियरिंग पहल शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि वेटिवर घास की खेती के लिए एक पायलट परियोजना शुरू की गई है जो मिट्टी को मजबूती से बांधे रखती है और भूमि कटाव को रोकती है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वेटिवर घास का उपयोग दुनियाभर में विशेष रूप से भू–स्खलन–प्रवण क्षेत्रों, राजमार्ग तटबंधों और नदी के किनारों पर मिट्टी संरक्षण के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने वेटिवर फांउडेशन सी.आर.एस.आई. तमिलनाडु के सहयोग से भू–स्खलन से निपटने के लिए स्थायी शमन रणनीति विकसित करने के उद्देश्य से ये परियोजना शुरू की है।

**राजीव भारद्वाज**

सांसद राजीव भारद्वाज ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और जसूर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत कवर करने की मांग की। राजीव भारद्वाज ने हिमाचल में रेलवे के सुदृढ़ीकरण और विस्तार योजनाओं के बारे में भी केन्द्रीय मंत्री से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पठानकोट–जोगिन्दर नगर रेलवे लाईन ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने और आगामी पर्यटन सीजन में हिमाचल के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाने का अनुरोध किया। राजीव भारद्वाज ने केन्द्रीय मंत्री से पठानकोट से गुजरने वाली दोनों वंदे भारत रेल गाड़ियों का पठानकोट में ठहराव का भी आग्रह किया। उन्होंने रेलवे बजट में हिमाचल को पर्याप्त धनराशि मुहैया करवाने के लिए केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया। अश्विनी वैष्णव ने सांसद द्वारा उठाई गई मांगों पर सहमति जताई और रेलवे अधिकारियों को तत्काल उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

**रेडियो दिवस**

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्सांहन देने के लिए हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। यह रेडियो की विशिष्ट उपयोगिता को याद करने का भी दिन है जो दुनिया के हर हिस्से में लोगों तक पहुंचता है और उन्हें एकजुट करता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय ''**रेडियो और जलवायु परिवर्तन है।**'' विश्वरेडियो दिवस पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक

और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श वाक्य के साथ दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क आकाशवाणी देश के लोगों को अपनी सेवाएं दे रहा है।

**कर्मचारी यूनियन**

हिमाचल प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के आई.एम.सी. और एस.डब्लयू.एफ. कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से नियमितिकरण की मांग की है। कर्मचारी यूनियन के प्रधान संजीव कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आई.एम.सी. और एस.डब्लयू.एफ. कर्मचारी पिछले लगभग दस सालों से सेवाएं दे रहे हैं लेकिन उन्हें आज तक नियमित नौकरी का लाभ नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले आई.एम.सी. और एस.डब्लयू.एफ. के तहत नियुक्त किए गए लगभग 9 सौ 45 कर्मचारियों को नियमित किया गया है लेकिन शेष बचे करीब 2 सौ 50 कर्मचारियों को अभी तक नियमितिकरण का लाभ नहीं मिल पाया है।

**सुरेश कुमार**

हमीरपुर जिला में वर्तमान समय में 52 हजार 7 सौ 11 पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन दी जा रही है और जिले में पैंशन का कोई भी मामला लंबित नहीं है। विधायक सुरेश कुमार ने आज हमीरपुर में जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही।

---